Title: Need to take urgent steps to check spread of Malaria in Madhya Pradesh.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (बालाघाट) : अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश सहित देश के अन्य प्रान्तों में मलेरिया ने महामारी का रूप धारण कर लिया है विशो कर वन आच्छादित क्षेत्रों और धान की सघन एवं लगातार खेती वाले जिलों में मलेरिया का प्रभाव अन्य क्षेत्रों से कई गुना अधिक है। परिणामस्वरूप मध्य प्रदेश के बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, सिवनी, छिंदवाड़ा तथा होशंगाबाद सहित अनेक जिले प्रभावित हुए हैं। मध्य प्रदेश के पचमढ़ी में तो सैंट्रल स्कूल के छात्रों की मृत्यु मलेरिया के कारण हो गई। यह घटना अति गम्भीर है। इस गम्भीर स्थिति से निपटने के लिए प्रदेश एवं केन्द्र सरकार ऐसे क्षेत्रों में मलेरिया की रोकथाम के लिए अतिशीघ्र कार्य योजना बना कर प्रयास प्रारम्भ करे ताकि मलेरिया से होने वाली मौतों को रोका जा सके।

(इति)